an>

Title: Regarding elections of Zila Panchayats and Regional Panchayats.

श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही) : महोदया, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल आपके सामने रखना चाहता हूँ।...(व्यवधान) इस देश में पंचायत की बहुत मान्यता रही है, बहुत सम्मान रहा है।...(व्यवधान) लेकिन वर्तमान में जो पंचायत के चुनाव देश में हो रहे हैं, अभी बिहार में चुनाव हो रहे हैं, पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में चुनाव हुए।...(व्यवधान) जिस दिन से पंचायत की रचना हो रही है, उसी दिन से बोली लग रही है।...(व्यवधान) चाहे ग्राम पंचायत हो, चाहे क्षेत्र पंचायत हो, चाहे जिला पंचायत हो।...(व्यवधान) सबसे दुःखद यह है कि पंचायतों से बनने वाली विधान परिषÂ◌द कुछ प्रदेशों में है, उसकी बोली लग रही है।...(व्यवधान) केन्द्र सरकार के खजाने से सीधे पंचायतों में पैसा जा रहा है।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि माननीय मुलायम सिंह जी यहाँ बैठे हैं। वे इस बात से सहमत हैं कि क्षेत्र पंचायत के चुनाव, जिला पंचायत के चुनाव सीधे कराए जाएँ नहीं तो पिस्तौल के बल पर और पैसे के बल पर यदि पंचायत की रचना होगी तो पंच परमेश्वर की भूमिका समाप्त हो जाएगी। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि इसके विकल्प की तलाश की जानी चाहिए कि पंचायत की रचना किस तरह से हो जो लोक महत्व में हो और पंच परमेश्वर की मर्यादा बनी रहे। इसलिए मैं आज कहने के लिए विवश हूँ कि पहले मैं ग्राम सभा को उचित मानता था, क्षेत्र सभा को उचित मानता था, लेकिन आज के दिन मैं कह रहा हूँ कि लोक सभा सबसे उचित है और ग्राम सभा, क्षेत्र सभा, जिला सभा आज संकट के घेरे में है। ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूँ कि यदि आप मुलायम सिंह जी से राय लेना चाहते हैं तो ले लीजिए, वे इस विÂषय पर कुछ कहेंगे। मुलायम सिंह जी, आप कुछ बोलिये।

माननीय अध्यक्ष : आप उनको मजबूर मत करो।

श्री भैरों प्रसाद मिश्र, डॉ. सत्यपाल सिंह, श्री अश्विनी कुमार चौबे, कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल, डॉ. मनोज राजोरिया, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, श्री विनोद कुमार सोनकर, श्री रोड़मल नागर, श्री पी. पी.चौधरी, डॉ.बंशीलाल महतो, श्रीमती कमला पाटले एवं श्री दद्दन मिश्रा को श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री मुलायम सिंह यादव (आज़मगढ़) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं पूरी तरह से सहमत हूँ। माननीय सदस्य ने जो सुझाव दिया है, आप कम से कम डैमोक्रेसी बचाइए क्योंकि आपकी भी ज़िम्मेदारी है डैमोक्रेसी बचाने की। अभी यहाँ जो हो रहा है, वह आपके सामने है। इसलिए माननीय सदस्य ने जो सुझाव रखा है, मैं उससे सहमत हूँ।

माननीय अध्यक्ष : बहुत सारे माननीय सदस्य सहमत हैं।

श्री दद्दन मिश्रा, डॉ.बंशीलाल महतो, श्रीमती कमला पाटले को श्री मुलायम सिंह यादव द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।